प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 27.11.2025 समय : 09:00 ए.एम.

00000

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज नई दिल्ली में चाणक्य रक्षा संवाद के तीसरे संस्करण के उद्घाटन सत्र को संबोधित करेंगी।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज भारतीय अंतरिक्ष स्टार्टअप, स्काईरूट के इन्फिनिटी कैंपस का उद्घाटन करेंगे।
- अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला आईआईटीएफ का आज अंतिम दिन–राजस्थान मंडप में प्रदर्शित विभिन्न उत्पाद आकर्षण का केन्द्र बने।
- खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में कोटा ओपन यूनिवर्सिटी ने जूडो में स्वर्ण पदक जीता–पदक तालिका में कर्नाटक की जैन यूनिवर्सिटी पहले स्थान पर।
- प्रदेश में नये पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से मौसम में बदलाव–कई स्थानों पर बारिश की संभावना।

00000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज नई दिल्ली में चाणक्य रक्षा संवाद–सीडीडी 2025 के तीसरे संस्करण के उद्घाटन सत्र को संबोधित करेंगी। दो दिन के इस कार्यक्रम के दौरान 2047 तक विकसित भारत के लिए विभिन्न आवश्यकताओं पर विचार–विमर्श किया जायेगा। ये संवाद, रक्षा सुधारों, तकनीकी परिवर्तन और भारत की उभरती सुरक्षा प्राथमिकताओं के लिए राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञों को एक साथ लाएगा। सीडीडी–2025 का आयोजन "रिफॉर्म टू ट्रांसफॉर्मः सशक्त, सुरक्षित और विकसित भारत" विषय के तहत किया जा रहा है।

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के ज़रिए भारतीय अंतरिक्ष स्टार्टअप स्काईरूट के इन्फिनिटी कैंपस का उद्घाटन करेंगे। वे स्काईरूट के पहले ऑर्बिटल रॉकेट – विक्रम–वन का भी अनावरण करेंगे। इस रॉकेट से उपग्रहों को कक्षा में प्रक्षेपित किया जा सकता है। इस अत्याधुनिक परिसर में लगभग 2 लाख वर्ग फुट का कार्यक्षेत्र होगा जहां बहु–प्रक्षेपण यानों के डिज़ाइन, विकास, एकीकरण और परीक्षण के लिए हर महीने एक ऑर्बिटल रॉकेट बनाया जा सकेगा। स्काईरूट भारत की अग्रणी निजी अंतरिक्ष कंपनी है। नवंबर 2022 में, स्काईरूट ने अपने सब–ऑर्बिटल रॉकेट–विक्रम–एस का प्रक्षेपण किया था, जिससे वह अंतरिक्ष में रॉकेट प्रक्षेपित करने वाली भारत की पहली निजी कंपनी बन गई।

0000

प्रधानमंत्री ने पेरिस स्थित यूनेस्को मुख्यालय में डॉक्टर बाबासाहेब आंबेडकर की प्रतिमा के अनावरण पर गर्व व्यक्त किया। सोशल मीडिया पोस्ट में, प्रधानमंत्री ने इसे डॉक्टर आंबेडकर और संविधान निर्माण में उनकी भूमिका के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि बताया। उन्होंने कहा कि डॉक्टर आंबेडकर के विचार और आदर्श असंख्य लोगों को शक्ति और आशा प्रदान करते हैं।

0000

जयपुर में चल रहे ग्लोबल सोलर एक्सपो का आज दूसरा और अंतिम दिन है। इस एक्सपो में 100 से अधिक प्रदर्शक और 10 हजार से अधिक अतिथि भाग ले रहे हैं। साथ ही 75 से अधिक वक्ता हिस्सा ले रहे है। एक्सपो के पहले दिन कल पीएम कुसुम योजना और सौर ऊर्जा से जुड़े अन्य विषयों पर विभिन्न तकनीकी सत्र आयोजित किए गए। ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने एक्सपो का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश की स्थापित सौर ऊर्जा क्षमता में बीते दो सालों में करीब 19 हजार मेगावाट की बढोतरी हुई है। अब ये बढकर 35 हजार 357 मेगावाट तक पहुँच गई है। उन्होंने कहा कि राजस्थान अक्षय और सौर ऊर्जा के क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य बन चुका है। यह उपलब्धि नेट–जीरो लक्ष्य की दिशा में राज्य की प्रतिबद्धता दर्शाती है।

....

0000

केन्द्र सरकार ने कहा है कि वित्तीय वर्ष में कुल खरीफ अनाज उत्पादन 1 हज़ार 730 दशमलव 33 लाख टन होने का अनुमान है। कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कल खरीफ फसलों के

उत्पादन का पहला पूर्वानुमान जारी किया। 2025–26 के लिए पूर्वानुमान के मुताबिक, खरीफ मोटे अनाज का उत्पादन 414 लाख टन जबकि खरीफ दालों का उत्पादन 74 लाख टन होने का अनुमान है। इस बीच प्रदेश में समर्थन मूल्य पर खरीफ फसलों मूंग, मूंगफली, उड़द और सोयाबीन की समर्थन मूल्य पर खरीद की जा रही है। इसके लिए पंजीकरण प्रक्रिया ई–मित्र के माध्यम से 18 अक्टूबर से शुरू हुई थी। सरकार के मानकों के अनुरूप मूंग का समर्थन मूल्य 8 हजार 768 रुपये प्रति क्विंटल, उड़द 7 हजार 800 रुपये और मूंगफली 7 हजार 263 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। वहीं सोयाबीन का समर्थन मूल्य 5 हजार 328 रुपये प्रति क्विंटल रखा गया है।

0000

अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले–आईआईटीएफ का आज अंतिम दिन है। इस महीने की 14 तारीख को नई दिल्ली के भारत मंडपम में शुरू हुए 14 दिन के विशाल वैश्विक व्यापार मेले में भारत की समृद्ध विविधता को प्रदर्शित किया गया। इस वर्ष के आयोजन में राजस्थान भागीदार राज्य है। मेले में लगाये गये राजस्थान मंडप में जयपुरी रजाईयों को आगन्तुकों द्वारा काफी पसंद किया जा रहा है और उनके हल्के वजन, कोमलता और गर्माहट की खासियत के लिये भरपूर सराहना की जा रही है। मंडप में स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं के द्वारा बनाये गये उत्पाद भी लोगों के आकर्षण का केन्द्र बने हुए है। साथ ही ये ग्रामीण अर्थव्यवस्था में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी को दर्शा रहे है।

0000

खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में कोटा ओपन यूनिवर्सिटी ने जूडो में स्वर्ण पदक जीत लिया है। उदयपुर के अटल बिहारी वाजपेयी इंडोर स्टेडियम में आयोजित प्रतियोगिता में यूनिवर्सिटी के नीरज नैन ने 73 किलोग्राम भारवर्ग में गोल्ड मेडल हासिल किया। वहीं पी.टी.आर.एस. विश्वविद्यालय के प्रियांशु नेताम ने रजत पदक जीता।

....

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस रविवार को आकाशवाणी के ''मन की बात'' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 128वीं कड़ी होगी। इसके लिए सुझाव टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 पर भेजे जा सकते हैं। नरेन्द्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी विचार भेजे जा सकते हैं। ये सुझाव कल तक स्वीकार किए जाएंगे।

0000

प्रदेश में एक नये पश्चिमी विक्षोभ के असर से आज कई स्थानों पर बादल छाये हुए है तथा सर्द हवायें चल रही है। मौसम विभाग के अनुसार जोधपुर, उदयपुर और अजमेर संभाग के कुछ हिस्सों में गरज के साथ हल्की बारिश हो सकती है। कई स्थानों पर रात के तापमान में 2 से 3 डिग्री की गिरावट हुई है। 11 स्थानों पर रात का पारा 10 डिग्री से नीचे दर्ज किया गया। सीकर में सबसे कम 4 डिग्री सेल्सियस के साथ सबसे सर्द रात दर्ज हुई। वहीं नागौर में 5 दशमलव 2 डिग्री, चूरू में 5 दशमलव 6 डिग्री सैल्सियस न्यूनतम तापमान रहा। हमारे चूरू संवाददाता ने बताया कि तापमान में हुई गिरावट से सर्दी का एहसास बढ गया है। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में हल्का कोहरा देखा जा रहा है। मौसम विभाग ने कल भी अजमेर और जयपुर संभाग तथा आसपास के क्षेत्रों में हल्की बारिश की संभावना व्यक्त की है।

00000

राजस्थान लोक सेवा आयोग का 'आवेदन विड्रॉ' नवाचार अत्यंत प्रभावी रहा है। आयोग अध्यक्ष उत्कल रंजन साहू ने आज बताया कि इस दूरदर्शी निर्णय से न केवल राजकोष के करोड़ों रुपये की बचत हुई है, बल्कि भर्ती प्रक्रियाओं में भी तेजी आई है। यह पहल ऐसे उम्मीदवारों को अपना आवेदन वापस लेने का मौका देती है जिनके पास वांछित योग्यता नहीं है। इससे परीक्षा आयोजन का अनावश्यक खर्चा भी बंद हुआ है। सचिव रामनिवास मेहता ने बताया कि इस नवाचार के बाद विभिन्न भर्ती परीक्षाओं में बड़ी संख्या में आवेदन वापस लिए गए हैं। अकेले सीनियर टीचर भर्ती परीक्षा से 46 हज़ार आवेदकों ने नाम वापस ले लिये।

0000